# हे श्याम मुझे बता दो | By Ankit Choudhary

हे श्याम मुझे बता दो चरणों में कैसे आऊं
माया के बंधनो से अब मुक्ति कैसे पाऊं

ना जानू कोई पूजन अज्ञान हूँ मैं भगवन
करना कृपा दयालु बंधन से छूट जाऊं

मैं हूँ पतित स्वामी तुम हो पतित पावन
अवगुण भरा ह्रदय भी इसे कैसे मैं दिखाऊं

अच्छा हूँ या बुरा हूँ जैसा भी हूँ तुम्हारा
ठुकराओ ना मुझे अब चरणों में सिर झुकाऊं
हे श्याम मुझे बता दो .........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%8b-by-ankit-choudhary/